## खबर संक्षेप



### सिंधु कुलदेवी हिंगलाज माता के भव्य मंदिर का निर्माण जल्द होगा शुरू

**रायपुर।** पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत एवं पूज्य सिंधी पंचायत संत कंवरराम नगर के संयुक्त तत्वावधान में छत्तीसगढ़ रायपुर की पावन धरा पर प्रथम सिंधु कुलदेवी हिंगलाज माता के भव्य मंदिर एवं सामाजिक सांस्कृतिक आयोजन के लिए हॉल का निर्माण जल्द संत कंवरराम नगर, कटोरा तालाब गली नंबर- 2 में किया जाएगा। पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं सदस्यों द्वारा विधि-विधान से शुभ मुहूर्त पर पूजा पाठ, भूमिपूजन कर मंदिर के निर्माण के लिए नींव रखी गई। पंचायत उपाध्यक्ष गौरव मंधानी ने बताया कि भूमिपूजन के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी, राजकुमार वाडिया, गोपाल दास चावला, मनोहर चंदनानी, राजकुमार पंजवानी, महेश लहरवानी, बबला होतवानी, अमर चंदनानी, राजू वासवानी, रितेश जसवानी, विकास रूपरेला, अनिल लाहोरी, दौलत सिहानी, शकुंतला लखवानी, अरुण पंजाबी, अजय वलेचा, शंकर असुदानी, कमल जयसिंघानी, मनीष पंजवानी, रतन वल्र्याणी, प्रेमप्रकाश, जस्सू, मनीष आहूजा, जीवत तोलवानी आदि उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम की होगी महाआरती, तैयारी को लेकर हुई बैठक



**रायपुर।** सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में शनिवार को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक हुई। बैठक में 19 मई की संध्या दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन संध्या, विप्रजनों का सम्मान, भोजन प्रसादी की तैयारी के विषय में चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित समाज प्रमुखों ने अपने विचार रखते हुए कार्यक्रम को भव्य रुप देने का सुझाव दिया। बैठक में अरविंद ओझा, नितिन कुमार झा, सुरेश मिश्रा, गुणनिधि मिश्रा, सुनील कुमार ओझा, अजय अवस्थी, यशवंत पुरोहित, अमृतलाल बिलथरे, अभिषेक त्रिपाठी, सतीश शर्मा, रवि शर्मा, उमेश शर्मा, नीरज पाण्डेय आदि उपस्थित थे।

### राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी का मनाया स्थापना दिवस



**रायपुर।** जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में शनिवार को भगवती राजराजेश्वरी महात्रिपुर सुंदरी का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान श्रीयंत्र पूजन-अर्चन और विशाल भंडारा भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं को परम पूज्य 1008 यतिप्रवर दंडी स्वामी डॉ. इंदुभवानंद तीर्थ महाराज के दर्शन प्राप्त हुए।

### गांवों के वैद्यों का ज्ञान, बैगा-गुनिया की विरासत बनेगी प्रदेश की शक्ति

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा, किसानों के लिए औषधि पौधों का प्लांटेशन करना, इसको बेचना बहुत ही फायदेमंद होगा। आज किसान धान की खेती करते हैं। एक एकड़ में धान से आय प्राप्त होती है, औषधि पौधे जब खेतों में लगाएंगे तो एक एकड़ में धान से कई गुना आय प्राप्त होगी। श्री साय शनिवार को छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम के पदभार ग्रहण एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वस्थ परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड का गठन हमारी पूर्ववर्ती भाजपा सरकार ने डॉ रमन सिंह के कार्यकाल में किया गया है।

# एसीआई के कैथलैब में पहली बार लेजर कट एंजियोप्लास्टी, देशभर के कार्डियोलॉजिस्ट बने गवाह

## निजी अस्पताल से निराश होकर आया वृद्ध मरीज, दिल की नस में जमा था कैल्शियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के एडवांस कार्डियक इंस्टिट्यूट में 70 साल के मरीज के हृदय की नस में जमे कैल्शियम को काटकर एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया पूरी की गई है। पहली बार कैथलैब में लेजर कट एंजियोप्लास्टी की गई, जिसके लाइव डेमोंस्ट्रेशन से विभिन्न राज्यों के कार्डियोलॉजिस्ट इस प्रक्रिया के गवाह बने। मरीज के हृदय की नस में जमे कैल्शियम को देखते हुए निजी अस्पताल ने एंजियोप्लास्टी करने से इनकार कर दिया था।

कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यशाला को सफल बनाने में डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. एसके शर्मा, डॉ. प्रतीक गुप्ता सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

### ऐसे पूरी हुई प्रक्रिया

मरीज के दाहिने हाथ की धमनी के रास्ते दिल की नस तक कैथेटर को ले जाया गया। अत्यधिक वजनी और कठोर तारों से नस की रुकावट को पार किया गया एवं एक्साइमर लेजर का इस्तेमाल करते हुए जमे हुए कैल्शियम को तोड़कर बैलून के गुजरने का रास्ता बनाया गया। इसके बाद कोरोनरी इंट्रा वैस्कुलर अल्ट्रा सोनोग्राफी से हृदय की नस के अंदर की सोनोग्राफी कर बचे हुए कैल्शियम को चाकूनुमा विशेष कटिंग बैलून का इस्तेमाल कर काटा गया। कैल्शियम के पूरी तरह टूट जाने के बाद स्टंट जाने का रास्ता बनाया गया और दो स्टंट लगाकर एंजियोप्लास्टी की प्रक्रिया पूरी की गई।



### राष्ट्रीय स्तर का कांफ्रेंस

डॉ. स्मित ने बताया कि जबलपुर में कार्डियोलॉजिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय स्तर का कांफ्रेंस आयोजित हुई है। उनके आग्रह पर हमने इस केस का जीवंत प्रदर्शन कर कार्यशाला को सफल बनाने में अपना योगदान दिया, जिसकी देशभर में सराहना हुई। इस दौरान देशभर के कार्डियोलॉजिस्ट ने इस प्रक्रिया को लाइव देखा तथा प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान भी किया।

उपचार के लिए मरीज को मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना का लाभ मिला।

डा. श्रीवास्तव ने बताया कि एक्साइमर लेजर कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कट एक विशेष प्रकार की एंजियोप्लास्टी है, जिसमें लेजर का उपयोग करके कोरोनरी धमनियों में जमी हुई रुकावटों को हटाया जाता है। यह उन मामलों में प्रयोग किया जाता है, जहां पारंपरिक बैलून एंजियोप्लास्टी या स्टेंटिंग पर्याप्त नहीं होती। उन्होंने बताया कि 73 वर्षीय व्यक्ति के राइट कोरोनरी आर्टरी में ब्लॉकेज था। उसके आर्टरी में इतना ज्यादा कैल्शियम जमा था कि एंजियोप्लास्टी करने वाला वायर क्रॉस नहीं हो सकता था। साथ ही राइट कोरोनरी आर्टरी की उत्पति अपने मूल स्थान से न होकर ऊंचाई पर थी, जो केस की दूसरी जटिलता थी।

## जनजागरण यात्रा : बारूला में गौ ग्राम यात्रा एवं साध्वी प्रज्ञा भारती का हुआ भव्य स्वागत

# गाय के बिना जीवन अधूरा : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर

विभूषित संत शिरोमणि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती एवं गौ ग्राम जनजागरण यात्रा का ग्राम बारूला में शुक्रवार को भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की मुख्यातिथि की आसंदी से महामंडलेश्वर प्रज्ञा भारती ने कहा कि गौ माता को बचाना बहुत जरूरी है क्योंकि वे भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और कई धार्मिक, सामाजिक और आर्थिक कारणों से महत्वपूर्ण हैं। गायों को बचाने से न केवल उनकी रक्षा होती है बल्कि हमारी संस्कृति और मूल्यों की भी रक्षा होती है। आज देश में लगभग 9 करोड़ गौ माताएं बची हैं, आने वाले समय में अगर इस तरह से ही हमारा समाज गौ माता का तिरस्कार करता रहा तो यह संख्या दिन प्रतिदिन घटती चली जाएगी और हमारे बच्चों को, आने वाली पीढ़ी को गौ माता के दूध से वंचित होना पड़ेगा। आगे कहा कि आने वाले पीढ़ी को गौ माता का दूध मिलता रहे और हमारा स्वस्थ समाज, स्वस्थ परिवार फलीभूत हो यह संदेश संकल्प सहित का बीड़ा उठाने प्रेरित किया।

विधायक रोहित साहू ने कहा की गाय की सुरक्षा, पशुपालन सुविधा की दृष्टि से शासन ने अनेक योजनाएं लाई हैं। जन जन में गो माता से प्रेम व जनजागरण किया जा रहा है। सभा में गाय की सेवा का प्रत्यक्ष लाभ का प्रमाण मैंने स्वयं महासुस किया है। विधायक रोहित ने कहा की गाय सेवा का प्रतिफल एक एक दिन जरूर मिलता है।

वहीं इससे पहले सरपंच ग्राम पंचायत बारूला सुकदेव साहू ने मांग पत्र में बजरंग चौक में टीना शेड और माध्यमिक विद्यालय का हाई स्कूल में उन्नयन का आवेदन सौपे गए। विधायक ने समय रहते बजट में जोडने की बात कही है।

**गौ माता को बचाना बहुत जरूरी : प्रज्ञा**



### गाय का महत्वपूर्ण योगदान

भुवनेश्वर साहू गौ यात्रा संयोजक ने कहा की छत्तीसगढ़ धान का कटोरा और किसानों का प्रदेश है। किसानों का गाय मां के दर्जा मे पुजनीय है। गाय के बिना यहां के कृषि की उन्नत विकास में अहम योगदान है। गाय का गोबर सुजलाम सुभलाम हजारो वर्ष से कृषि में गाय की योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। बड़े दुर्भाग्य की बात है कि गाय से यह सब दूर हो रहे हैं स्थिति ये निर्मित हो गई है कि घर की गाय क के लिए सार्वजनिक गौ शाला ढूंढते हैं। गाय से दूरी और सेवा से दूरी बनाए तो ये दूर कि आपकी सुख समृद्धि से दूर हो जायेंगे।

### गाय में 33 करोड़ देवी-देवताओं का वास

गौ जन जागरण यात्रा के प्रमुख एंव गौ शाला अध्यक्ष चन्द्रशेखर हरित ने भी सम्बोधित किया। गौ माता को बचाने के कुछ महत्वपूर्ण कारण हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है इसमें 33 करोड़ देवी- देवताओं का वास है। इस दौरान मुख्यातिथि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती, प्रमुख अतिथि राजिम विधायक रोहित साहू, गौ यात्रा संयोजक भूनेश्वर साहू, जनपद अध्यक्ष इंद्राणी नेहरू साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी ओमकार साहू, वरिष्ठ भाजपा नेता भागवत हरित, सरपंच संघ अध्यक्ष हरिश साहू , सरपंच सुगदेव साहू, उपसरपंच उत्तम सोनवानी, पूर्व सरपंच रामबाई साहू शाला अध्यक्ष चन्द्रशेखर हरित, राभमंस अध्यक्ष लाला राम साहू, गायत्री परिवार के पुरोहित परमानंद महराज, पंच ओमप्रकाश साहू, लखन साहू, जगदीश साहू, कृपा राम यादव उपस्थित थे।

## सुदामा के जीवन में प्रेम का दर्शन था प्रदर्शन नहीं : पं. अमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर

शिक्षक कालोनी देवांगन परिवार में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के षष्ठम दिवस के बीच व्यासपीठ से बोलते हुए पंडित रामानुज अनिरूद्ध दास अमन शर्मा पंचकोशी धाम मौलीपारा फिंगेश्वर ने कहा सुदामा भगवान श्रीकृष्ण के बचपन के सच्चे सखा थे किन्तु कभी भी भगवान श्रीकृष्ण के प्रति अपने विश्वास कम होने नही दिया। एक समय ऐसा भी आया जब सुदामा एवं उनके पूरे परिवार घोर गरीबी के बीच जीवन यापन करना पड़ा। एक समय ऐसा भी आया जब घर घर जाकर एक एक दाना के लिए भिक्षा मांगना पड़ा पर कभी भी द्वारकाधीश श्रीकृष्ण से उम्मीद जताई क्योंकि उन्हें अपने मित्र के प्रति निःस्वाार्थ प्रेम एवं विश्वास कूट कूट कर भरा हुआ था।सुदामा के जीवन में प्रेम का दर्शन था प्रदर्शन नही। बार बार सुशिला के कहने पर भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारकाधीश गया और उसके मिलने के बाद ही उसके गरीबी का अंत हुआ।भगवान सभी को सम भाव कृपा बरसाते हैं बशर्ते हमें खुद पर विश्वास होनी चाहिए। सत्संग हमें जीवन जीने का मूल्य समझाते हैं। माता पिता के चरणों में स्वर्ग निवास करते हैं। जीवन में कभी भी भूलकर भी माता–पिता के दिल मत दुखाना।हर माता–पिता अपने बच्चों को स्वयं से ऊपर देखना चाहते हैं।वही आज श्रीकृष्ण रूखमणी विवाह पर पूरा परिवार झूमकर थिरके। कथा अमृत पान करने के लिए मोहल्ले के आलावा परिवार, मेहमानों की उपस्थिति काफी संख्या में थे जो भक्ति के रंग में डूबे नजर आए।



# यू ट्यूब से ली जानकारी और खीरे का किया रिकार्ड उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जहां एक ओर आज के युवा सोशल मीडिया और यूट्यूब को समय की बर्बादी मानते हैं, वहीं छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिला मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत सुदूर और दुर्गम इलाके के आदिवासी विशेष पिछड़ी जनजाति के युवा किसान मनसाय नेताम ने यूट्यूब को अपना मार्गदर्शक बना कर अपनी और अपने परिवार की जिंदगी को बदल डाला। घने जंगलों और सीमित संसाधनों के बीच रहते हुए भी उन्होंने ड्रिप इरिगेशन तकनीक से 4 एकड़ भूमि में खीरे की सफल खेती कर यह साबित कर दिया कि अगर कुछ करने की ठान लो तो रास्ते खुद ब खुद बनते हैं।

अमली गांव, जो कि इंदागांव ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 18 में आता है, चारों तरफ से नदी और पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इस गांव तक पहुंचने के लिए करीब 18 किलोमीटर का रास्ता उड़ीसा से घूमकर तय करना पड़ता है या फिर 14 किलो मीटर घने जंगलों को पैदल पार कर पहाड़ी के इस गांव अमली में पहुंचा जाता है यह आज तक बिजली की रौशनी नही पहुंची है स्थायी बिजली और बुनियादी सुविधाओं के अभाव के बावजूद मनसाय नेताम ने सौर ऊर्जा और ऑनलाइन सीखी गई तकनीकों के सहारे खेती को न सिर्फ शुरू किया, बल्कि उसे लाभदायक भी बनाया। यूट्यूब से ड्रिप सिंचाई प्रणाली का प्रशिक्षण लेकर उन्होंने पास के नाले से पानी लाकर कम पानी में अधिक उत्पादन की राह चुनी। केवल एक महीने में दो बार खीरे की उपज को रायपुर और राजीव मंडी में बेच कर मुनाफा कमा चुके हैं।



**सबसे बड़ी चुनौती वन्यप्राणियों से फसल की सुरक्षा-** मनसाय नेताम अकेले नहीं बढ़े, उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों और भतीजे को भी इस काम में जोड़ा और आसपास के ग्रामीणों को भी प्रेरित किया। यदि उन्हें सरकारी सहायता और मार्गदर्शन मिल पाता तो निश्चित रूप से वह और भी बड़ी मिसाल कायम कर सकते थे। आज जब कई युवा यह सोच कर पीछे हट जाते हैं कि हमारे पास जमीन नहीं है पानी नहीं है, सुविधा नहीं है उस माहौल में मनसाय नेताम जैसे युवक यह दिखाते हैं कि संकल्प, जानकारी और मेहनत से हर बाधा पार की जा सकती है। अमली गांव का यह उदाहरण बताता है कि तकनीक और नई सोच से देश का हर गांव आत्मनिर्भर बन सकता है बस जरूरत है हौसले की।

### पीएम श्री सेजेस अभनपुर का शानदार परीक्षा परिणाम

**अभनपुर।** पीएम श्री सेजेस अभनपुर का कक्षा पांचवी व आठवी के परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा पांचवी में आयुष कुमार साहू प्रथम, द्वितीय निशांत साहू एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से गौरव सिन्हा एवं जयेश तारक रहे तथा कक्षा आठवीं में प्रथम नियति मिश्रा, द्वितीय हर्षा साहू, तृतीय स्थान पर डॉली साहू रही। शाला विकास समिति अध्यक्ष गोयल भट्ट ने बताया कि आगामी शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आनलाईन फार्म भरने का अंतिम दिन 5 मई को निर्धारित किया गया है। तत्पश्चात 8 मई प्रवेश के लिए पात्र-अपात्र की सूची जारी कर दी जाएगी। वही 10 मई को रिक्त सीटों पर नियमानुसार खुली लॉटरी के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया की जायेगी। पांचवी एवं आठवीं केन्दीकृत बोर्ड परीक्षाओं में शानदार एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विद्यालय शा.वि. समिति अध्यक्ष गोयल भट्ट, सदस्य वरूण राठी, प्राचार्य नाजिमा एजाज, प्रधान अध्यापिका डॉ. अनन्या सेन, सुचिता अहिराव एवं शाला के सभी शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण छात्र छात्राओं को बधाई दी।

# ऑनलाइन पेमेंट कम्प्यूटर, मोबाइल चलाने और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखण्ड के दूरस्त वनांचल ग्राम तौरेंगा, जागड़ा में नैस्कॉम फाउंशन द्वारा डिजिटल जागरूकता शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को साईबर ठगी से बचाव को लेकर जागरूक किया जा रहा है । इस दौरान मास्टर ट्रेनर मिश्रीलाल द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से ग्रामीणो को डिजिटल तकनीक से जोड़कर उन्हे साईबर ठगी से बचाव को लेकर जागरूक किया गया। ग्रामीणों को डिजिटल तकनीक से जोड़ना उन्हे तकनीकी रूप से सशक्त बनाना और स्मार्ट फोन, डिजिटल भुगतान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई यह तकनीकी सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है मास्टर ट्रेनर मिश्रीलाल ने डिजिटल प्लेटफार्म की सुरक्षित उपयोग पर जो दिया और प्रशिक्षण के माध्यम से कई उपयोगी टिप्स साजा किया। डिजिटल युग में वर्तमान और भविष्य की बढ़ती अर्थव्यवस्था और रोजमर्रा की जिन्दगी में सबसे बढ़ी भुमिका निभा रही है जहां दुनिया पूरी तरह डिजिटल पर आश्रित हो जायेगी जिसके लिए सबसे बड़ी चुनौति डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना है। इस दौरान नैस्कॉम फाउंडेशन के द्वारा उन्हे कम्प्यूटर, मोबाईल चलाने, ई-मेल भेजने, ऑन लाईन पेमेंट, मेल आई डी बनाना, सोशल मिडिया का सही इस्तिमाल डिजिटल लॉकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्या यादव, बनसीह सोरी, घनश्याम कश्यप, पुष्पाजंली, कामेश्वरी कश्यप, गीता, राजकुमारी यादव सेवती बाई, रामसिंह, खेम सिंह, पुर्णिमा, भुनेश्वरी बाई, रजनी बाई, नर्मदा बाई एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष...

### गौरघाट में हाथी...

दिनभर वन विभाग हाथी का लोकेशन और पल-पल की जानकारी लेते रहे तथा ग्रामीणों को जंगल के तरफ नही जाने की अपील किया जा रहा है।

### राज्यपाल डेका ने...

अधिक उत्पादन होता है। साथ ही मछली पालक संचालक को अधिक आमदनी भी होती है।

**उन्नत विधि से मछली पालन को करें प्रोत्साहित-** राज्यपाल श्री डेका ने नई तकनीक से मछली पालन देखकर जिले के किसानों को भी इनसे प्रेरणा लेते हुए आगे बढ़ने की बाते कहीं। उन्होंने मौके पर मौजूद मछली पालन विभाग के सहायक संचालक को नई तकनीक की जानकारी किसानों तक पहुंचाने एवं उन्हें उन्नत विधि से मछली पालन के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिये।उन्नत तकनीक से किये जा रहे मुर्गी पालन एवं हैचरी उत्पादन का भी अवलोकन कर तकनीक को लोगों के लिए प्रेरणादायक बताया।इस दौरान विधायक रोहित साहू, कलेक्टर, बीएस उइके, जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम सहित एसएस फॉर्म के संचालक एवं शासकीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।यातायात एवं कानून व्यवस्था के लिए पुलिस बल एवं यातायात पुलिस सड़कों पर नजर आई।

### सुशासन तिहार में...

अधिकारियों के द्वारा उनके आवेदनों पर की गई कार्यवाही के बारे में जानकारी भी प्रदान करें। साथ ही शिविर में नए आवेदन भी कोई आवेदक देता है उसे प्राप्त करें और जिन मामलों का समाधान शिविर स्थल पर संभव होगा उनका मौके पर ही निराकरण करे। समाधान शिविरों में विभागीय अधिकारी स्टाल लगाकर अपने- अपने विभाग द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दे।

**बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों को नोटिस-** साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं से लाभान्वित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि शिविर में विकासखंड, अनुविभाग एवं जिला स्तर के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निवासरत आवेदकों से उनकी शिकायतों व मांगों को लेकर आवेदन प्राप्त किया गया था। जिसका निराकरण 04 मई तक करना अनिवार्य है। उन्होंने ने सुशासन तिहार के महत्वपूर्ण बैठक में बिना पूर्व सूचना दिए अनुपस्थित रहने पर सहायक आयुक्त सहकारिता महेश्वरी तिवारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम, उप निदेशक उदंती वरूण जैन, अपर कलेक्टर प्रकाश राजपूत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया...

प्राप्त निर्देशों का पूर्णतः पालन होना चाहिए। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया जिले में पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय एवं खण्ड स्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति में शामिल सभी अधिकारी युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को सावधानीपूर्वक पूर्ण करने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि प्रक्रिया के पूर्ण होने से शिक्षा विभाग में शिक्षकों की कमी की समस्या लगभग खत्म हो जायेगी। बच्चों के अध्यापन हेतु सभी विद्यालयों में पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होंगे। जिससे बच्चों की पढ़ाई स्तर में सुधार होगा। कलेक्टर श्री उइके ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शालाओं में दर्ज बच्चों की संख्या के आधार पर विद्यालयों की सूची तैयार करें। उन्होंने जिले में अतिशेष शिक्षकों की संख्या, शिक्षक विहीन शाला, एकल शिक्षक वाले विद्यालय की सूची भी समय सीमा में समिति को प्रस्तुत करने के लिए कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर नवीन भगत, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, डीएमसी केएस नायक सहित सभी एसडीएम एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारीगण मौजूद रहे।

# आठ मई को बिलासपुर में होगी कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूरे देश में कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान चला रही है। छत्तीसगढ़ में इसकी शुरुआत 8 मई को बिलासपुर से होगी। उसके बाद सभी जिला मुख्यालयों और विधानसभा क्षेत्रों में संविधान बचाओ रैली निकाली जायेगी। जिला एवं विधानसभा के बाद कांग्रेस घर-घर तक संविधान बचाओ अभियान लेकर जायेगी।

बिलासपुर में होने वाली संविधान बचाओ रैली की तैयारी के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और एआईसीसी सह-सचिव एवं प्रदेश सह-प्रभारी विजय जांगिड़ ने बिलासपुर संभाग के पदाधिकारियों, विधायकों की बैठक ली। बिलासपुर संभाग की रैली के लिए पूर्व मंत्री उमेश पटेल को कांग्रेस का संयोजक बनाया गया है।बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, कांग्रेस संविधान बचाओ अभियान को घर-घर लेकर जायेगी। उन्होंने कहा, संविधान बचाओ अभियान का उद्देश्य मोदी सरकार द्वारा संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर किये जा रहे लगातार हमलों, प्रतिशोध की राजनीति, आर्थिक कुप्रबंधन और सामाजिक न्याय के प्रणालीगत हनन का मुकाबला करना है। यह अभियान आम नागरिक की आवाज को बुलंद करेगा, जमीनी स्तर की चिंताओं को उजागर करेगा और हमारे संविधान में निहित मूल्यों पर फिर से जोर देगा।

**खबर संक्षेप**



## शादी में आए महेमानों को किया घोंसला वितरण

**मुड़ागांव(कोरासी)।** महासमुंद जिले के बागबाहरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खल्लारी के फार्मासिस्ट के द्वारा दो कदम प्रकृति की ओर समिति (संगठन) के संस्थापक संजय साहू (आमाकोनी) द्वारा प्रकृति सहित जीव जंतु पर्यावरण आदि सभी के बारे में गंभीरता से सोचते हुए गांव गांव में एक अभियान चलाया जा रहा है। जहां अभी गर्मी के दिनों में इंसान के साथ साथ पशु-पक्षी को भी बहुत परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। इसीलिए पक्षियों के संरक्षण के उद्देश्य से दो कदम प्रकृति की ओर समिति ने विगत दिवस गरियाबंद जिले के ग्राम कोरासी में शादी में शामिल होकर तेजराम ध्रुव से संपर्क किया और दो कदम प्रकृति की ओर पशु पक्षियों की बसेरा के बारे में गंभीरता से जानकारी दिया गया जहां जाकर कर पक्षियों के रहने के लिए गांव में कमल दीवान के साथ घर-घर घोंसला लगाया गया जहां अब पक्षी उस घोंसला में बसेरा करने लगे हैं। इसके साथ- साथ शादी में आए महेमानों की को घोंसला वितरण किया।

## सरपंच थानेश्वर ने किया पदभार ग्रहण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** जनपद पंचायत छुरा के ग्राम पंचायत साजापाली में शनिवार 4 मई को पूर्व सरपंच असवन्तीन बाई दिवान ने नव निर्वाचित युवा सरपंच थानेश्वर कुमार मंडावी को सचिव अम्बालाल चन्द्राकार के उपस्थिति में पदभार दिया गया। इस अवसर पर उप सरपंच हेमन्त सेन, पंचगण रूखमणी बाई ध्रुव, सोमप्रकाश साहू, पूर्णिमा बाई ध्रुव, श्यामा बाई विश्वकर्मा, सुमित्रा बाई खैरवार, भागीरथी दिवान, परमेश्वरी दिवान सहित ग्रामवासी आसाराम पटेल, नीलकण्ठ टंडेकर, रिखीराम यादव, जगन्नाथ पांडेय, प्रकाश साहू, सुकालराम ध्रुव, दीनदयाल मंडावी, भुवनेश्वर साहू, आपरेटर नरेश ध्रुव, चपरासी सुरेश दिवान एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नवापारा में आंधी से उड़ा टिन शेड

**नवापारा-राजिम।** गुरूवार को काफी तेज रफ्तार में आए आंधी - तूफान का नवापारा शहर में कहर ढाने की बड़ी खबर सामने आई है। जानकारी के मुताबिक तर्री स्थित युनिक प्लाईवुड के टीन टप्पर और शेड बुरी तरह से धराशायी हो गया जिससे 10 लाख रूपए के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। संचालक श्री अरोरड़ा ने बताया कि इस तूफान की चपेट में केमिकल और बनी हुई पूरी की पूरी प्लाइ खराब हो गई। करीब 1800 फुट का शेड धड़ाम से धराशायी हो गया। गनीमत जान-माल का नुकसान नहीं हुआ।



### योगदान : शहर के प्रमुख संस्थानों में उच्च पदों पर महिलाएं आसीन

# राजनीति, शिक्षा व स्वास्थ्य में महिलाओं के योगदान से सामाजिक समृद्धि बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के प्रमुख संस्थानों में उच्च पदों पर महिलाएं आसीन है जो विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में बेहतर कार्य कर रही है। बात यदि इस शहर की करे तो पालिका में अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष दोनों ही पदों पर महिलाएं आसीन है। महज 35 वर्ष की उम्र में भाजपा से ओमकुमारी साहू नवापारा नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष बन गई है। वे कहती है कि जनसेवा की भावना लिए राजनीति में आई है। अपने दो सफल पार्षद कार्यकाल के बाद वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष निर्वाचित हुई है। वहीं इस पालिका में कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री संध्या राव नेता प्रतिपक्ष के पद पर आसीन है। कॉलेज की छात्रसंघ अध्यक्ष एवं महत्वपूर्ण दायित्वों को निभाते हुए सामाजिक पदों में प्रतिनिधित्व के बाद कांग्रेस से संध्या राव निर्वाचित पार्षद है। अपने काम, योग्यता, दृढ़संकल्प एवं अनुभव की बदौलत नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में है। संध्या राव नेता प्रतिपक्ष बनने के पूर्व 3 बार पार्षद एवं सभापति रह चुकी है। ओमकुमारी साहू एवं संध्या राव नगर पालिका में दो अलग-अलग पार्टी का प्रतिनिधित्व जरूर कर रही है मगर दोनों ही महिला जनप्रतिनिधि का एक मात्र उद्देश्य शहर का विकास करने को लेकर है। इन दोनो महिला जनप्रतिनिधियो की मंशा से जाहिर है कि वे शहर का समुचित विकास देखना चाहती है।

**महिला जनप्रतिनिधियो की मंशा समुचित विकास**



### स्वरोजगार के लिए कर रही निरंतर कार्य

ठीक इसी तरह शहर के प्रमुख शिक्षण संस्थानो में महिलाओं का वर्चस्व जग जाहिर है। उदाहरण के रूप में डॉ. सविता मिश्रा, डॉ. मधु श्रीवास्तव, डॉ. मधुरानी शुक्ला, फाखरा खानम दानी, सरिता नासरे है। मालूम हो कि ये मातृशक्तियां क्षेत्र के 5 प्रमुख शिक्षण संस्थानों के सर्वोच्च पदों में आसीन है। राजिम क्षेत्र के प्रथम उच्च शिक्षा संस्थान का गौरव शासकीय राजीवलोचन महाविद्यालय राजिम को प्राप्त है। संस्थान में डॉ. सविता मिश्रा प्राचार्य के पद पर कार्यरत है। श्रीमती मिश्रा शिक्षा में नवाचार एवं नई शिक्षा नीति के अनुसार शिक्षा के माध्यम से स्वरोजगार की उपलब्धता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। डॉ. मिश्रा महाविद्यालय में कौशल विकास एवं अधोसंरचना के लिए निरंतर प्रयासरत रहती है। डॉ. सविता मिश्रा के प्रयास से महाविद्यालय में शोध केंद्र की स्थापना के लिए निरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण हो गई है।

### लक्ष्य हासिल करने में पारंगत

नवापारा शहर के शासकीय कन्या शाला में सरिता नासरे वर्ष 2019 से प्राचार्य के पद पर कार्यरत है। श्रीमती नासरे एक निश्चित समय के लिए कार्ययोजना बनाकर लक्ष्य हासिल करने में पारंगत है। कन्या शाला में गुणवत्तायुक्त शिक्षा एवं सुरक्षा के साथ छात्राओं खेल प्रतिभा के विकास लिए हमेशा प्रयासरत रहती है।

### स्कूल में अनुशासन के लिए निरंतर प्रयासरत

राजिम शहर के स्वामी आत्मानंद शासकीय शाला में शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के कुशल संचालन के लिए सुजाता शर्मा अध्यक्ष के रूप में नियुक्त है। श्रीमती शर्मा स्कूल में बेहतर प्रबंधन एवं अनुशासन के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### सीमित संसाधनों के बावजूद दिलाई पहचान

नवापारा शहर के एकमात्र शासकीय कन्या महाविद्यालय में डॉ. मधु श्रीवास्तव प्राचार्य के पद पर वर्ष 2024 से कार्यरत है। सीमित संसाधनों के बावजूद कन्या महाविद्यालय की पहचान उत्कृष्ट एवं गुणवत्तायुक्त उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में है। इसी का परिणाम है कि बीएससी में अध्ययनरत ग्रामीण अंचल की छात्रा कु. टिकेश्वरी साहू ने पं. रविशंकर विश्विद्यालय में पांचवां स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है।

### रोजगार उपलब्ध कराने दे रही मार्गदर्शन

नवापारा शहर के श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में डॉ. मधुरानी शुक्ला प्राचार्य पद पर कार्य कर रही है। श्रीमती शुक्ला महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधि के साथ छात्र-छात्राओं के खेल, सांस्कृतिक एवं चारित्रिक विकास की पक्षधर है। महाविद्यालय में नवाचार एवं डिग्री उपरान्त छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए प्रयास एवं मार्गदर्शन प्रदान करती है। शासकीय हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में फाखरा खानम दानी प्राचार्य के पद पर है।

## जिला पंचायत की पहली बैठक में अफसर नदारद

### जनप्रतिनिधियों ने जताई नाराजगी

**गरियाबंद।** जिला पंचायत गरियाबंद की पहली सामान्य सभा की बैठक रविवार को जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक जिला पंचायत के सभा कक्ष में हुई, लेकिन इसमें प्रशासनिक संवेदनशीलता का अभाव साफ़ झलकता नज़र आया। बैठक में जिला प्रशासन के अधिकतर अधिकारी नदारद रहे, जिससे जनप्रतिनिधियों में नाराजगी देखी गई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से उठाया, लेकिन मंच पर सुनवाई के लिए ज़िम्मेदार अधिकारी न होने से कई जनप्रतिनिधियों ने इसे प्रशासन की उदासीनता करार दिया। जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत माहडिक ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को बैठक में प्रमुखता से रखते हुए आने वाले समय में पानी की संभावित गंभीर कमी को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि केवल पानी बचाने की बात नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें भविष्य की ज़रूरतों को देखते हुए बड़े स्तर पर पानी इकट्ठा करने की योजना बनानी चाहिए। हर ग्राम पंचायत के समस्त शासकीय भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अनिवार्य रूप से लगाया जाए, ताकि बारिश के पानी को संरक्षित कर भूजल स्तर को बेहतर किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बनने वाले हर मकान में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए। इसके लिए जिला पंचायत स्तर से दिशा-निर्देश और नियम बनाए जाने की मांग की गई। बैठक में अन्य सदस्यों ने भी क्षेत्रीय समस्याओं को रखा, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति ने पूरे आयोजन की प्रभावशीलता पर सवाल खड़े कर दिए। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि अगर अधिकारी ही सुनने नहीं आएंगे तो विकास कार्यों पर चर्चा और समाधान कैसे संभव हो पाएगा। बैठक में उठाए गए मुद्दों को लेकर जिला पंचायत की ओर से एक प्रस्ताव तैयार कर शासन स्तर तक भेजे जाने की बात कही गई है।



## आईटीसेल प्रभारी विवेक शर्मा ने मुख्यमंत्री का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

डगनिया में प्रगतिशील ब्राह्मण समाज छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में आयोजित भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव एवं सम्मान समारोह में प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम विजय शर्मा का स्वागत प्रगतिशील ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष शिवांजल शर्मा के साथ राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी एवं ब्राह्मण समाज के प्रदेश संगठन मंत्री विवेक शर्मा, फास्ट न्यूज चैनल के ब्यूरो चीफ समीर शर्मा तथा ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, सुधांशु शुक्ला, मोतीलाल साहू, रायपुर की महापौर मीनल चौबे,बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, पार्षद गण, जनप्रतिनिधि गण, ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी व प्रबुद्ध जन आदि उपस्थित थे।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश ने कलेक्टर उईके से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भाजपा मंडल राजिम के अध्यक्ष रिकेश साहू ने गरियाबंद के नव पदस्थ कलेक्टर भगवान सिंह उईके से मुलाकात कर उनको गरियाबंद कलेक्टर बनने पर बधाई दिया साथ ही रिकेश ने विभिन्न समस्याओ पर चर्चा किया जिसमें रेत माफियाओ द्वारा अवैध रेत खनन पर तत्काल कार्यवाही की बात कही और क्षेत्र में हो रहे अवैध प्लाटिंग के साथ- साथ अन्य मुद्दों जिसमें ग्रामीणों को जनता को आ रही समस्याओं ऐसे प्रमुख मुद्दों पर सार्थक चर्चा की।

## साहू समाज की बैठक में गतिविधि व सामाजिक संगठन पर चर्चा की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम



परिक्षेत्र साहू समाज चंपारण- नवागांव की आवश्यक बैठक बैठक रविवार को साहू समाज भवन नवागांव में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ परिक्षेत्र साहू समाज के स्वजातीय बंधुओ द्वारा माता कर्मा की पूजा आरती के साथ हुआ। इस बैठक में सामाजिक गतिविधि, सामाजिक एकजुटता एवं सामाजिक संगठन पर आवश्यक रूप से चर्चा किया गया। इस अवसर पर परिक्षेत्र साहू समाज अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू ने कहा कि मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है वह समाज में रहकर सुख दुख को आपस में बांटकर अपनी जीविका निर्वाह करता है। संगठित समाज विकास की धारा में अग्रसर होता है। समाज हमें अपनी संस्कृति, परम्पराओ और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने में मदद करता है। अतः हमें समाज का सम्मान करते हुए मिलजुलकर रहना चाहिए। इस बैठक में प्रमुख रूप से परिक्षेत्र साहू समाज के अध्यक्ष खोरबाहरा राम साहू उपाध्यक्ष गंगूराम साहू, रमा साहू, सचिव कृष्णा साहू, पूरन साहू, गुहा राम साहू, पुनाराम साहू, राजेश साहू, बालमकुंद साहू, सुखराम साहू, भागवत साहू, मेलू राम साहू, विनोद साहू, महेश साहू, पार्वती साहू, बसंत साहू, डोमार साहू, गैंदलाल साहू, दुलार साहू, खूबलाल साहू, विशाल साहू, सीताराम साहू, श्यामलाल साहू, हीरालाल साहू, सेवाराम साहू, खगेश साहू सहित परिक्षेत्र साहू समाज के स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

## अनुशासन का पालन करें : राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

अपने शिक्षकीय जीवनकाल में अनुशासन के नाम से जाने पहचाने जाने वाला शासकीय प्राथमिक शाला टीमनपुर के प्रधानपाठक राधेश्याम साण्डे के सेवानिवृत्त होने पर उन्हे ग्रामीणों शिक्षक साथियों एवं छात्र-छात्राओं और गांव वालों द्वारा भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर विदाई दिया गया और तो और शिक्षक को उनके घर 30 किलो मीटर दूर सासम्मान छोड़ने ग्रामीण पहुंचे। प्रधानपाठक के विदाई समारोह को संबोधित करते हुए राधे"याम साण्डे ने कहा की एक शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता क्योंकि शिक्षक का सेवाकाल निरन्तर जारी रहता है अनुशासन का पालन करे तभी जीवन सार्थक होगा। इस दौरान प्रधानपाठक को ग्रामीणों, छात्रछात्रओं एवं शिक्षक साथियों द्वारा श्रीफल, साल, एवं स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति जयसिह नेताम, रमेश कुमार नेताम, बंशीलाल मंकाम, नरेश कुमार नेताम, केशव नेताम, पुरूषोतम, चंद्रेश नेताम महेश सोरी, हटियारीन बाई, गीता बाई, हेमबाई, दुर्गेश्वरी, राधाबाई, लछन्तीन बाई, सुहद्रा बाई, लीलाधर नेताम, पिलाराम नेताम, शिक्षक संकुल प्राचार्य श्री टीके देव, संकुल समन्वयक श्रवण कुमार ठाकुर, जीएन साहू केके साहू, बीएल यादव, बीएल साहू, हरीनाथ नेताम, टीडी पटेल, उपस्थित थे।




ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त प्रधानपाठक राधेश्याम साण्डे को दी विदाई

## अवैध तेंदूपत्ता तोड़ाई, दूसरे गांव के ग्रामीणों को समिति ने पकड़ा

**मैनपुर।** बेमौसम बारिश होने के कारण तेंदूपत्ता खरीदी के लिए समय सीमा तय होने के बाद भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। कहीं तेंदुपत्ता की खरीदी प्रारंभ हो गई है तो कहीं के समितियो में शुरुआत भी नहीं हो पाई है। जिसके कारण समिति वाले भी सतर्क हो गए हैं और बाहरी समिति के लोगों के द्वारा तेंदूपत्ता तोड़ने वालों को समझाइश देने के बाद भी नहीं मानने पर ग्रामीणों के द्वारा तेंदूपत्ता को जब्त भी किया जा रहा है जिससे जगह–जगह इन दिनो विवाद की स्थिति देखने को मिल रही है। समिति के लोगों ने एक स्वर में कहा कि जंगल के सुरक्षा में हम लोग दिन रात डटे रहते हैं। जंगल से आमदनी भी हमको मिलना चाहिए बाहरी व्यक्तियों के द्वारा इस तरह तेंदूपत्ता तोड़ कर ले जाएंगे तो हमें बर्दाश्त नहीं होगा जिनका ताजा उदाहरण देखने को मिला क्षेत्र के बरदुला समिति के अंतर्गत झरियाबाहरा उखरुपारा के ग्रामीणों ने मैनपुर क्षेत्र के लोगों के द्वारा उनके जंगलों में आकर जबरदस्ती तेंदूपत्ता को तोड़कर ले जा रहे थे समझाइश देने के बावजूद भी नहीं मानने पर अंतत सबसे तेंदूपत्ता को पकड़कर जब्त कर लिया गया है।





## वार्ड नंबर 14 में मनाई अक्ति

**राजिम।** वार्ड नंबर 14 में अक्ति धूमधाम से मनाया गया। जिसमें वार्ड के सभापति कुलेशवर साहू ने पहली बार अपने वार्ड में सभी जो पुत्री-पुत्र का विवाह हुआ जिसमें सभी के घर जाकर टिकावन में शामिल हुए जिसमें हमारे वार्ड के इखढयुवा साथियों द्वारा किया गया। डिगेश वर्मा, प्रीतम वर्मा ,ईश्वर साहू ,हेमंत साहू ,इन्द्र साहू ,लव धीवर ,डोमन, राजेश ,रितेश साहू, संतु साहू ,विष्णु साहू ,मेघराज साहू ,सोमप्रकाश यादव ,भीखम साहू ,ओर विषेश सहयोग हमारे माताओं, बहन, बेटियों व समस्त वार्ड वासी का सहयोग प्राप्त हुआ।

## विधायक साहू प्रसूता की सेवा में अस्पताल में डटे रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू एक तरफ जहां दिन में जनचौपाल लगाकर जनता की समस्याओं का निराकरण करते हैं तथा दिनभर क्षेत्र के विभिन्न दौरा कार्यक्रम में शिरकत करते हैं वहीं दूसरी ओर रात को 11 बजे सूचना मिलने पर गर्भवती प्रसूता के उपचार के लिए डेढ़ घंटे अस्पताल परिसर में डटे रहे। विधायक रोहित साहू के इस नेक कार्य की प्रशंसा हो रही है वहीं जनता उन्हें सेवा और समर्पण का दूसरा रूप बता रहे हैं। दरअसल ग्राम रावँड़ निवासी लोकेश साहू की पत्नी गोमती साहू प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजिम में प्रसव के लिए दाखिल हुई लेकिन वहां उपस्थित स्टॉफ द्वारा उनका प्रसव न कराकर रायपुर रिफर करने की तैयारी चल रही थी इसी बीच संबंधितों ने इसकी सूचना विधायक रोहित साहू को दी जिस पर बिना देर किए विधायक रोहित साहू तत्काल राजिम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तथा प्रसूता के सुरक्षित प्रसव के लिए डॉक्टर व स्टॉफ को निर्देशित किया। विधायक की सक्रियता के बीच वहाँ बीएमओ डॉ. हिरौंदिया भी पहुँचे तब जाकर प्रसूता की डिलवरी साढ़े 11 बजे हो सकी जिसमें स्टॉफ नर्स कंचन कुर्रे व रेणुका झाड़ी का विशेष योगदान रहा। प्रसुता गोमती साहू ने स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। इससे उनके परिवार में खुशियों का माहौल है। विधायक ने ग्राम रावड़ की उपचाराधीन प्रसूता गोमती साहू को अस्पताल प्रबंधन द्वारा रायपुर रिफर करने की जानकारी मिलने पर रात में ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर उनके प्रसव के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करवाया। इस दौरान अस्पताल प्रबंधन को सभी आपातकालीन सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए तथा उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों से स्वेच्छाचारिता को छोड़कर जनहित को प्राथमिकता देने की समझाईश दी।



HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001, मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## सिर्रीखुर्द स्कूल में कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम घोषित

**कोपरा।** जिला केंद्रीकृत प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा सत्र 2024-25 जिला गरियाबंद का परीक्षा परिणाम आया। जिसमें प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द विकासखंड फिंगेश्वर के परीक्षा परिणाम की घोषणा विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा के द्वारा किया गया जिसमें प्राथमिक शाला से 10 बच्चों ने परीक्षा दिलाया जिसमें से सभी बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा में प्रथम स्थान संयुक्त रूप से कुमारी अदिति डहरिया एवं डेविड निर्मलकर का 89% द्वितीय स्थान, वीरेंद्र कुमार साहू 83%तृतीय स्थान विनय कुमार मारकंडे का 81% रहा। परीक्षा परिणाम घोषणा के पश्चात विधायक प्रतिनिधि विजय कंडरा एवं संस्था के प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव ने सभी परीक्षार्थियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित किया। परीक्षा परिणाम घोषणा के समय दुर्गेश विश्वकर्मा, द्रोपती साहू, अगेश्वरी साहू लीलाराम मतावले शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहें।

## 5वीं में वैष्णवी पटेल 96 प्रतिशत से उत्तीर्ण



**नवापारा-भेण्डरी।** पंडित सुंदरलाल शर्मा मां शाला चन्देसुर के छात्रा वैष्णवी पटेल पिता राजेश पटेल कक्षा पांचवीं में 96% कक्षा प्रथम स्थान एवं उनकी छोटी बहन मुस्कान पटेल कक्षा दूसरी में 97% प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शिक्षक गण ग्राम वासियों उज्वल भविष्य शुभकामनाएं दी हैं।

## 7वीं में खुशबू 88.16 प्रतिशत से उत्तीर्ण

**नवापारा-राजिम।** सरस्वती शिशु मंदिर नवापारा में अध्ययनरत कक्षा सप्तम की छात्रा खुशबू साहू ने 88.16% प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में द्वितीय स्थान प्राप्त की है। वह पूरन लाल साहू प्राचार्य बिजली की छोटी सुपुत्री है। उनके इस उपलब्धि पर शाला के प्राचार्य, आचार्य एवं दीदी जी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।



## आंधी से मकान का छप्पर उड़ा



**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र में लगातार आंधी- तूफान व बारिश के चलते शाम होते ही जनजीवन प्रभावित होने लगा है गौरघाट स्थित लारीपारा में मकान का छप्पर ही पूरा उड़ गया। किसान फकरूदीन ने बताया की खेत में धान की रखवाली करने वाले मजदूरों के लिए यह मकान का निर्माण किया गया है शनिवार शाम तेज आंधी- तूफान से पूरा छप्पर 20 फिट उपर उड़ने के बाद गिर गया यहां मजदूर बाल बाल बचे।

## सेजेस तुमगांव में प्रवेश के लिए लॉटरी 7 को

**महासमुंद।** पीएमश्री सेजेस तुमगांव में कक्षा 1 के अलावा अन्य कक्षाओं में रिक्त सीट के लिए विभागीय अधिकारियों, शिक्षकों एवं पालकों के समक्ष प्रवेश के लिए 7 मई को सुबह 9 बजे लाटरी निकाली जाएगी। जानकारी के अनुसार कक्षा एक के लिए लगभग 80 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जिसमें से 48 विद्यार्थियों का प्रवेश होना है। इसी तरह अन्य कक्षाओं में रिक्त सीट के लिए भी लाटरी निकाली जाएगी। सभी पालकों से अपेक्षा की है कि वे निर्धारित तिथि एव समय पर विद्यालय में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य लंकेश कुरील ने दी है।

**समस्या : गांवों में नल का चेंबर लगाकर छोड़ा तो कहीं केवल टंकी ही बना दिया**

# नल जल योजना का लोगों को नहीं मिल रहा लाभ, महिलाएं गांव से दूर पानी लाने मजबूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

केंद्र सरकार की महती योजना जल जीवन मिशन वनांचल क्षेत्र में दम तोड़ती नजर आ रही है। इसके लिए अधिकारियों की मनमानी को ग्रामीणों ने जिम्मेदार ठहराया है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार द्वारा विकासखंड के प्रत्येक गांव में आबादी के अनुसार लाखों करोड़ों रुपए खर्च कर प्रत्येक गांव में उचित स्थान पर टंकी बनाकर पाइप लाइन के माध्यम से घर घर तक नल में पानी पहुंचाने जल जीवन मिशन योजना लागू की गई, जिसमें ठेकेदारों के माध्यम से शासन के नियमानुसार कार्य करने ठेका दिया गया। और कार्य आरंभ किया गया जिसमें संबंधित अधिकारियों की मनमानी के कारण घर तक नल से पानी पहुंचना तो दूर घर के आसपास भी पानी मिलना दूभर हो गया है। इस भीषण गर्मी के बीच ग्रामीण महिलाएं दूर-दूर से पानी लाने मजबूर हो गई है। विदित हो कि ग्राम सुरगपानी, लादाबाहरा, फूलबाहरा, जिडार, कनफाड सहित इन गांवों में कहीं नल का चेंबर लगाकर छोड़ दिया गया है तो कहीं केवल टंकी ही बना दिया गया है, तो कई जगह पर टंकी का नीव खोदकर इस तरह कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, और पानी नहीं मिल पा रहा है, जबकि जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण हैंडपंप भी हांपने लगा है। जिसके कारण इन गांवों में पीने और निस्तारी की पानी की भारी समस्या बन हुईं हैं।



### नल में नहीं आता पानी

ग्राम रसेला में भी कई घरों आज भी नल-जल योजना से पानी नहीं मिलने से दूसरे के घरों से पानी लाकर निस्तारी करने के लिए मजबुर है। ग्राम पंचायत रसेला के उपसरपंच परमेश्वर यादव ने बताया कि मेरे घर में नल-जल योजना का कनेक्शन तो लगा है मगर आज पांच वर्ष हो रहा नल में पानी नहीं आता और पीने के लिए पानी पड़ोसी घर से लाकर निस्तारी कर रहे हैं। गांव सहित क्षेत्र में लोगों को नल-जल योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### टंकी निर्माण का नींव खोदकर छोड़ा

ग्राम लादाबाहरा के निवासी भूवेन्द्र मरकाम, हीरालाल सोरी, मंगलू ओटी, कमलसिंह सोरी, कुमानसिह, भगवानसिंह, तुलसीराम, बोनोराम, सदानंद, करणो, नरसिंह, प्रेमसिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर नल का चेंबर घरों में बनाया गया है जो टूट रहा है, और पानी की टंकी का निर्माण नीव खोदकर छोड़ दिया गया है। इसी तरह ग्राम फूलबाहरा के ग्रामीणों पंच सुनीता नेताम, केवल साहू, तरूण साहू, देवेन्द्र साहू, ठाकुर राम आदि ने कहा कि जल जीवन मिशन योजना का पानी भले ही फाइलों में बह रहा होगा लेकिन वास्तविकता यह है कि पानी की तलाश में गांव की महिलाएं भटकतीं हुईं नजर आ रही है।

# विधायक ने टिन शेड का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

ग्राम लफंदी में कौदकेरा परिक्षेत्र साहू संघ के तत्वावधान में आयोजित भक्त माता कर्मा जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक रोहित साहू पहुंचे। सभी अतिथियों ने भक्त माता कर्मा की पूजा अर्चना कर उनके जीवनगाथा का गुणगान किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम में नवनिर्मित टीना शेड का सभी जनप्रतिनिधियों व ग्रामवासियो की उपस्थिति में फीता काटकर लोकार्पण किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि मांग के आधार पर गाँव में सभी प्रकार के विकास कार्य हो रहे हैं। क्षेत्र का सबसे विकसित गाँव की श्रेणी में अब लफंदी गाँव का नाम है। आने वाले समय में और भी विकास कार्य इस गाँव में होंगे जिसका लाभ प्रत्येक आमजन को होगा। उन्होंने कहा कि जनता का दिया आशीर्वाद ही मेरी धरोहर है, एक जनप्रतिनिधि के नाते सेवा का अवसर मुझे मिला, यह मेरा सौभाग्य है। जनपद अध्यक्ष इन्द्राणी साहू ने कहा कि विधायक रोहित साहू जनता की मांग के अनुरूप कार्य करने वाले सबसे सक्रिय विधायक हैं जिन्होंने क्षेत्र में विकास को नए आयाम तक पहुंचाएं हैं। इस अवसर पर प्रमुख प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुवनेश्वर साहू,राजिम भक्तिन मंदिर समिति अध्यक्ष लाला साहू, जिला पंचायत सभापति नंदनी साहू, तहसील साहू संघ अध्यक्ष रामजी साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष जगदीश साहू, युगलकिशोर साहू, नेहरू साहू, हीरामणि साहू, नीतू साहू, गेंदलाल साहू, सरपंच संघ अध्यक्ष हरीश, परतेवा सपंच सतकोंन साहू, लफन्दी सरपंच श्रीमती ध्रुव, उप सरपंच पंकज साहू सहित सभी परिक्षेत्र अध्यक्ष सचिव पदाधिकारी गण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# कृषि यंत्रों का व्यवसाय संकट में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल में कृषि यंत्रों पर आधुनिकता की मार छाईं हैं। जिसकी वजह कारीगरों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। कभी इन्हीं कृषि यंत्रों को बनाकर अपना परिवार चलाने वाले गिनती के कारीगर बचें है। परंपरागत रूप से हाथों से चलाए जाने वाले कृषि उपकरणों की जगह अब डीजल, पेट्रोल से चलने वाली मशीनों ने ले लिया है। लोहे को पीटकर तराश कर कृषि यंत्रों का रूप देने वाले मेहनतकश लोहार जाति समय के साथ अपने परंपरागत कौशल एवं व्यवसाय से दूर होती जा रही है। इनके द्वारा बनाये गये लोहे के औजार आज भी आधुनिक मशीनों से बनें औजारों की तुलना में ज्यादा मजबूत और उपयोगी होते हैं। कोयले और भट्टी की मदद से लोहे को सुंदर आकार देकर इनके द्वारा बनाये गये कृषि औजार को खरीदने वाले लोगों की संख्या निरंतर घट रही है। गौरतलब है कि कृषि यंत्र आजकल बाजार में सस्ते दामों पर अनेक डिजाइन में मिल जाते हैं और यह आकर्षक भी दिखते हैं। सीमित साधनों के कारण लोहारों द्वारा बनाए गए औजार मजबूत और टिकाऊ तो होते हैं किन्तु कम मात्र में बनाए जाने की वजह से इनकी लागत अधिक होती है। आज से 10 से 15 वर्ष पहले जो हंसिया 40 -50 रूपए में बेचा करते थे आज वह 80 में बेच रहे हैं। जबकि घर पर एक हंसिया का निर्माण करने के लिए 50 रूपए का खर्च आता है। वहीं बाजार में इससे सस्ते दर पर आसानी से मिल जातीं हैं। वर्तमान में कृषि औजार बनाने वाले का कारोबार करने वाले लोग आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। रसेला के कारीगर इतवारू राम विश्वकर्मा ने बताया कि उनके दादा, पिता भी कृषि औजार बनाने का भी कार्य करते थे। आज के समय में इस परंपरा कौशल और व्यापार को बचाना बड़ी चुनौती है। क्योंकि पहले की तुलना में ग्राहकी कम हो गई है। निर्माण लागत बढ़ गई है। और मेहनत की तुलना में आमदनी न के बराबर है। सरकार को चाहिए कि परंपरागत व्यवसाय को प्रोत्साहन दें।



■ कारीगरों की आजीविका पर गहरा प्रभाव

## पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आज

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 मई सोमवार को दोपहर 2:30 बजे आयोजित है। बैठक में नवीन सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। ऐसे सदस्य जो सदस्य बनने के बाद अभी तक उनका सम्मान नहीं हो पाया है, ऐसे सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। ऐसी सदस्य जिनका जन्म तिथि इस महीने में है, उनका जन्मदिन मनाया जाएगा। पेंशन कार्यालय में निर्माणाधीन प्रसाधन की जानकारी, 2026 में पेंशनर दिवस के लिए सहयोग करने वाले सदस्यों की जानकारी, एक राष्ट्र एक चुनाव पर चिंतन, पुलवामा में आतंकवादी घटना, मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के द्वारा पेंशनर फोरम की गठन किया गया है। पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण संबंधी जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी कार्यालय सचिव बीआर ध्रुव ने दी है।

# निरीक्षण टीम ने कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय राजिम जिला गरियाबंद में शोध केंद्र स्थापना के लिए स्थाई संबद्धता के लिए निरीक्षण कार्य शुक्रवार को संपन्न हुए। जिसमें हिंदी विषय के लिए विषय विशेषज्ञ डॉक्टर माया वर्मा कला संकाय डीन पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ. राजेश कुमार दुबे प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय भाटागांव एवं डॉ कविता वैष्णव सहायक प्राध्यापक शासकीय महाविद्यालय भखारा, राजनीतिक शास्त्र के लिए डॉ. प्रभावती शुक्ला प्राध्यापक मनोविज्ञान अध्ययन शाला पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, डॉ मालती तिवारी, राजनीति शास्त्र डीन पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय महासमुंद एवं डॉ. प्रेमलता तिवारी प्राध्यापक शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर रही। निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया जिसमें ग्रंथालय, अध्यापन कक्ष, छात्र-छात्राओं की सुविधा का निरीक्षण कर हिंदी एवं राजनीति विज्ञान में शोध केंद्र स्थापना के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु विश्वविद्यालय को परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। उक्त जानकारी डॉ. सविता मिश्रा प्राचार्य शासकीय राजीव लोचन स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजिम ने दी। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक एम एल वर्मा, हिंदी विभाग अध्यक्ष घनश्याम प्रसाद यदु, सहायक अध्यापक योगेश तारक एवं राजनीति विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. समीक्षा चंद्राकर, क्षमा शिल्पा मसीह, प्रदीप टंडन आदि उपस्थित रहे।



## पथर्रा स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित, मेधावी छात्र पुरस्कृत

**राजिम।** पीएमश्री प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पथर्रा में वार्षिक पुरस्कार वितरण एवं परीक्षा परिणाम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर,पार्षद व सभापति कुलेश्वर साहू,पार्षद रेखा-कुलेश्वर साहू एवं सम्माननीय नागरिकों पालकों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली से आठवीं तक प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव में इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार एवं अपनी धार्मिक परंपराओं की शिक्षा देने की अनिवार्यता व्यक्त किया एवं इस प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन के लिए विद्यालय प्रबंधन को बधाई दी। पूर्णिमा चंद्राकर ने बच्चों को असफलता से भी सीख लेने हेतु प्रेरित कर निरंतर पढ़ाई के लिए सजग रहने की बात कही। कार्यक्रम में चोवाराम साहू, नरेश यादव, प्रकाश वर्मा, धनेश साहू ,निधि ठाकुर, प्रेमकुमारी, सुनीता साहू, वालिता साहू, लक्ष्मी यादव, गीता साहू, राधेश्याम, रोशन पांडे उपस्थित रहे। संचालन एवं आभार आलोक शर्मा ने की।



# मानस शक्ति केंद्र पिपरौद का पुनर्गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

मां गायत्री मंदिर परिसर पिपरौद में मानस शक्ति केन्द्र पिपरौद को सर्वसम्मति से नया नाम श्री बालाजी मानस शक्ति केंद्र पिपरोद का दर्जा दिया गया। साथ ही पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी का मनोनयन पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष एसएल साहू प्र. प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मानिकचौरी ग्राम दादरझोरी, उपाध्यक्ष रेखराज साहू थनौद, महिला उपाध्यक्ष सीमा साहू शिक्षिका बजरंगपुर, सचिव नूतन प्रसाद साहू टोकरो, सहसचिव-घनश्याम साहू पटेवा, कोषाध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव आलेखूंटा, संरक्षक आरआर साहू पिपरौद, एनआर साहू पिपरौद नवापारा, नोहरू राम साहू हसदा नंबर-2, संयोजक- श्यामलाल तारक ठेलकाबांधा, सलाहकार राम यादव बेलर, विजय पटेश्वर पटेवा, भीमसिंह चंदन ठेलकाबांधा, कुमारू राम साहू डोंगीतराई, संघ प्रवक्ता हेमलाल साहू शिक्षक तर्री, संगठन मंत्री कृष्ण कुमार हिरवानी दादरझोरी, संतराम साहू पिपरोद, संचालक टी.आर.तारक ठेलकाबांधा, राधे रमण साहू डोंगीतराई,मनोज सेन तर्री मीडिया प्रभारी अशोक तारक जी ठेलकाबाँधा, ओमप्रकाश निर्मलकर डोंगीतराई, प्रचार प्रमुख- कलाराम तारक,शोभाराम साहू, खिलावन साहू,भोजराम साहू, उत्तम कुमार साहू, ईश्वर साहू, दिनेश साहू, ओम प्रकाश साहू। महिला प्रकोष्ठ लीला बाई साहू सिंगदेही डिगेश्वरी साहू डोंगीतराई, लता साहू, ओमेश्वरी निर्मलकर, अगमा मरकाम, कार्यकारिणी सदस्य घनश्याम साहू, पुरुषोत्तम साहू, तुलसीराम साहू, योगेन्द्र साहू, श्रवण सार्वा, नारद सिन्हा, प्रेमलाल विश्वकर्मा, संतराम मरकाम, योगेंद्र साहू, ओमप्रकाश यदु, मोतीलाल साहू, उषा निर्मलकर, धान बाई साहू, इस प्रकार मानस शक्ति केंद्र पिपरौद का पुनर्गठन हुआ। रामभक्त भारी संख्या में उपस्थित थे।





## बिजली कर्मचारियों को नपा अध्यक्ष ने किया सम्मानित

**राजिम।** मौसम के अचानक परिवर्तित होने से आंधी तूफान के कारण पेड़ कट कर बिजली की तार टूट गई थी जिसमें पूरे 24 घंटे तक लगातार कर रहे मेहनत को देखते हुए नगर पंचायत के अध्यक्ष महेश यादव ने नगर पंचायत सीएमओ ,इंजीनियर सहित पार्षदों को लेकर बिजली विभाग के कर्मचारी व नल जल के कर्मचारियों का फूल भेंट के सम्मान किया और उनको धन्यवाद देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ,सीएमओ मनीष गायकवाड़ ,इंजीनियर नितेश भंवर, सभापति आकाश सिंह राजपूत ,पार्षद टंकू सोनकर ,अजय पटेल ,सुरेश पटेल ,पार्षद प्रतिनिधि यशवंत निराला एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित रहे।

**आतिशबाजी के साथ-साथ जय श्री परशुराम के नारा की रही गूंज**

# ब्राह्मण समाज ने निकाली परशुराम की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

शनिवार की शाम ब्राह्मण समाज राजिम में भगवान श्री परशुराम जी की शोभायात्रा बड़े ही धूमधाम से प्राचीन श्रीराम मंदिर से प्रारंभ होकर श्री राजीव लोचन मंदिर,गायत्री मंदिर, पंडित सुंदर लाल शर्मा चौक, महामाया मंदिर से होते हुए ब्राह्मण गुड़ी चौक पर समापन हुआ। पूरे शोभायात्रा के दौरान सामाजिकजनों की उपस्थिति बड़ी संख्या में थी। आतिशबाजी के साथ-साथ जय श्री परशुराम के नारा से पूरा राजिम नगर गूंजता रहा राजिम नगर के साथ-साथ नवापारा नगर के विप्रजन एवं आसपास के सामाजिकजनों की भी उपस्थिति भी सराहनीय रहा। शोभायात्रा के पश्चात विभिन्न निकायों से चुनकर आए प्रतिनिधियों का सम्मान समाज की ओर से किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ खाद्य निगम के अध्यक्ष संदीप शर्मा, छत्तीसगढ़ सर्व ब्राह्मण समाज के प्रदेश एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा, जनपद सदस्य सुरसाबांधा सीमा-प्रकाश शर्मा, सरपंच पसौद पुरूषोतम तिवारी, उपसरपंच परसदा ज्ञानेश शर्मा विशेष रूप से शामिल थे। पूरे शोभायात्रा के दौरान समाज के संरक्षक संतोष उपाध्याय का मार्ग दर्शन मिलता रहा। शोभायात्रा में मातृशक्तियों ने भी अपना पुरजोर समर्थन दिया।



**ये रहे उपस्थित-** शोभायात्रा में समाज के अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा,सचिव धीरेंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष महितोश शर्मा, कृष्णगोपाल शर्मा, प्रसन्न शर्मा, रमेश तिवारी, अजय शर्मा, युवराज पांडे, कैलाश तिवारी, विमल शर्मा राजेश शर्मा, शशिशेखर शर्मा, मनीष दुबे, सागर शर्मा, आशीष पाण्डेय, विमल शर्मा, संजय शर्मा, शिखा, रेणुका, रुचि, ईश्वरी सहित मातृशक्तियां भी बड़ी संख्या में शामिल थी। शोभायात्रा के लिए आइसक्रीम की व्यवस्था विवेक शर्मा एवं कोल्ड ड्रिंक्स की व्यवस्था नीरज शर्मा द्वारा किया गया था। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए युवा साथी जय शर्मा, दिव्यांश शर्मा, श्रेयांश शर्मा, आयुष तिवारी, आयुष रंजन, अभय शर्मा वेदांश शर्मा, आयुष शर्मा, ओम शर्मा अपने पूरे टीम के साथ लगे हुए थे।

